संघ लोक सेवा आयोग

अनुशेष- उम्मीदवारों को नोटिस

संदर्भ: (i) संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन सं. 02/2020, प्रकाशन की तारीख 25.01.2020, रिक्ति सं.20010201125, मद सं. 01 जिसके अंतर्गत आयुष मंत्रालय में चिकित्सा अधिकारी/अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद) के 37 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 13.02.2020 को 23.59 बजे तक थी तथा (ii) विज्ञापन सं.12/2019, प्रकाशन की तारीख 28.09.2019, रिक्ति सं.19091204128, मद सं. 04 जिसके अंतर्गत आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार में चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) के 09 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17.10.2019 को 23.59 बजे तक थी ।

आयोग ने इन पदों के संबंध में उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने के लिए दिनांक **20.12.2020 (**रविवार**)** (अपराह्न सत्र) को अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न **04**.00 बजे तक निम्नानुसार सम्मलित कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) आयोजित करने का निर्णय लिया है। **(**परीक्षा केन्द्र पर उम्मीदवारों के रिपोर्ट करने का समय दोपहर 12.30 बजे है।**)** केवल सम्मलित सीबीआरटी के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा पद के लिए पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र	**केन्द्र कोड**
अहमदाबाद	01
भोपाल	04
चेन्नै	12
दिल्ली	08
दिसपुर (गुवाहाटी)	09
जयपुर	11
जम्मू	34
कोच्चि	24
कोलकाता	06
लखनऊ	26
मुम्बई	05
नागपुर	13
पोर्टब्लेयर	37
रांची	41
विशाखापट्टनम	51

I. परीक्षण की योजना :

(क) परीक्षण दो घण्टे की अवधि का होगा।

(ख) सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।

(ग) परीक्षण में बहुविकल्पीय प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

(घ) परीक्षण का माध्यम अंग्रेजी तथा हिंदी होगा।

(ङ) गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकों का प्रावधान होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए, उस प्रश्न के कुल अंकों में से एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे। यदि प्रश्न के लिए कोई उत्तर नहीं चुना जाता है तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

(च) प्रश्न पत्र, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आयुर्वेद में स्नातक स्तर का होगा।

(छ) उक्त परीक्षण अधिकतम 300 अंकों का होगा ।

II. परीक्षण का पाठ्यक्रम :

परीक्षण पाठ्यक्रम के अंतर्गत मुख्य रूप से निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाएगा जोकि सामान्यतया भारतीय विश्वविद्यालयों के बी.ए.एम.एस.(आयुर्वेद) के पाठ्यक्रम में शामिल होते हैं:

मौलिक सिद्धांत, पदार्थ विज्ञान, अष्टांग संग्रह, रचना शरीर, क्रिया शरीर, रस शास्त्र एवं भेषज्य कल्पना, द्रव्यगुण विज्ञान, अगाद तंत्र, व्यवहार आयुर्वेद एवं विधि वैद्यका, रोग विज्ञान एवं विकृति विज्ञान, चरक संहिता, स्वास्थ्य वृत्त, काय चिकित्सा, शल्य तंत्र, शालक्य तंत्र, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग, कौमार भर्त्या।

टिप्पणी I :- भर्ती परीक्षण संबंधी स्थल की सूचना उम्मीदवारों को यथासमय दे दी जाएगी।

टिप्पणी II:- सम्मलित कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा साक्षात्कार में सफल उम्मीदवारों के लिए सम्मलित सीबीआरटी और व्यक्तित्व परीक्षण का वेटेज 75:25 होगा।

विभिन्न श्रेणियों से संबद्ध उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार हेतु उपयुक्तता का स्तर निम्नलिखित अनुसार निर्धारित किया गया है:

सामान्य/आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग	:	50 और अधिक
अन्य पिछड़ा वर्ग	:	45 और अधिक (रियायती मानकों पर)
अनुसूचित जाति/जनजाति	:	40 और अधिक (रियायती मानकों पर)
विकलांग व्यक्ति(सामान्य/आर्थिक रुप से कमजोर/अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा.)	:	40 और अधिक (रियायती मानकों पर)

टिप्पणी III:- परीक्षण केन्द्र में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।